मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ▪ अंक - 20 ▪ मुंबई, सोमवार, दिनांक 06 फरवरी से 12 फरवरी 2023 ▪ पृष्ठ : 8 ▪ कीमत : 3 /- रुपये

# भारत की सबसे बड़ी डील!

## मुंबई में 23 फ्लैट 1200 करोड़ में बिके

**मुंबईः** मुंबई की बहुमंजिला इमारतों में आलीशान फ्लैट की कीमत भले ही कितनी भी बढ़ जाए लेकिन खरीदने वाले उसे किसी भी कीमत पर खरीद ही लेते हैं। मायानगरी के वर्ली इलाके में हाल में 23 फ्लैट 1200 करोड़ रुपए में बेचे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक डी मार्ट के संस्थापक राधाकिशन दमानी के रिश्तेदारों, करीबियों, और दोस्तों ने यह आलीशान फ्लैट खरीदें हैं। जिनका फिलहाल निर्माण कार्य शुरू है। यह फ्लैट वर्ली के एनी बेसेंट रोड पर बन रहे थ्री सिक्सटी वेस्ट के बी-टॉवर में खरीदे गए हैं। इन फ्लैट्स को बेचने वाले बिजनेसमैन सुधाकर शेट्टी हैं, जिन्होंने अपने हिस्से के फ्लैट बेचे हैं। सुधाकर शेट्टी ने इस प्रोजेक्ट में एक अन्य बिल्डर विकास ओबेरॉय के साथ पार्टनरशिप की थी। इस प्रोजेक्ट में बेचे गए सभी अपार्टमेंट 5000 स्क्वायर फुट की साइज में हैं। जिनकी कीमत 50 से 60 करोड़ रुपए है। इन सभी 23 फ्लैट को बेचकर सुधाकर शेट्टी अपना एक हजार करोड़ रुपये का कर्ज चुकाना चाहते हैं। जिसे उन्होंने पिरामल फाइनेंस से लिया था।



रियल स्टेट के जानकारों का कहना है कि यह प्रॉपर्टी काफी डिस्काउंट भरे दाम में बेची गई है क्योंकि इसे एक साथ खरीदा गया है। इसके अलावा शेट्टी के ऊपर लोन चुकाने का काफी ज्यादा दबाव था। इसके अलावा भी सुधाकर शेट्टी ने हॉन्ग कॉन्ग बेस्ड एस सी लौय नाम की गोलबल बैंकिंग एंड एसेट मैनेजमेंट कंपनी से भी 400 करोड़ का लोन लिया है।

**महीनों बाद हुई डील**

इन फ्लैट को खरीदने के लिए काफी दिनों से सुधाकर शेट्टी और दमानी के दोस्तों और करीबियों के बीच में बातचीत चल रही थी। जो तकरीबन चार से पांच महीने बाद फाइनल हुई। सूत्रों के मुताबिक एक साथ खरीदे गए सभी फ्लैट्स की शुक्रवार के दिन रजिस्ट्री करवा ली गई। हालांकि, थ्री सिक्सटी वेस्ट में बने कुछ बड़े अपार्टमेंट को 75 करोड़ से लेकर 80 करोड़ के बीच पिछले साल बेचा गया था। आईजीई (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने दो अपार्टमेंट 151 करोड़ रुपये में

## ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे :** ठाणे जिले की पुलिस ने एक निर्माण कंपनी के दा ठेकेदारों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलापुर इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर सुनील कुमार गौतम (40) की मौत हो गयी। बदलापुर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे हुई जब पीड़ित 16 मंजिला निमार्णाधीन इमारत में काम कर रहा था।

# 11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022 से इन हस्तियों को दिल्ली में किया जायेगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** हमेशा की तरह इस बार भी '11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' से देश के विशिष्ट लोगों को किया जायेगा सम्मानित। आपको बता दें कि '11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' का आगाज हो चुका है, बीसीआर यानि बॉलीवुड सिने रिपोर्टर (समाचार पत्र) द्वारा '11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' का आयोजन दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित 'मुक्तधारा ऑडिटोरियम, में 24 फरवरी 2023 को शाम 5 बजे होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजक है फिल्म निमार्ता-निर्देशक व संपादक-प्रकाशक अजय शास्त्री व बलदेव सिंह बेदी (फिल्म निमार्ता-डिस्ट्रीब्यूटर)।

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ हॉनर से श्री विपिन गुप्ता (फाउंडर नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मतदाता संगठन), बॉलीवुड सेलिब्रिटी गेस्ट में पंजाबी गायक शंकर साहनी, फिल्म अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, मॉडल स्वाति ठाकुर, फिल्म प्रोडूसर अरविन्द सिंह राठौर।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एंटरटेनमेंट श्रेणी में अभिनेत्री सिद्धि सोनी, अभिनेता देव गौर, गायक सिकंदर राजा हसन, गायक रूबल कौर (पंजाबी सिंगर), गुलाब भाई (गुजराती अभिनेता) विश्व प्रसिद्ध जादूगर अमर सिंह, रिदम (चाइल्ड आर्टिस्ट) व अंजलि शास्त्री (चाइल्ड आर्टिस्ट) व सोशल एक्टिविस्ट श्रेणी में आर एस तुषीर, रीना गुप्ता। एजुकेशन श्रेणी में बीएस तोमर। फैशन श्रेणी में रचना शर्मा। हैल्थकेयर श्रेणी में एमसी शर्मा, डॉ. सलोनी सिन्हा, असाधारण प्रतिभा में कृष गुप्ता व समाज सेवक व पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े सतबीर पांचाल आदि को सम्मानित किया जायेगा। आपको बता दे कि अपनी मधुर व सुरीली आवाज से कार्यक्रम में चार-चाँद लगाने और आपको कार्यक्रम की पटकथा से रूबरू करायेंगी डॉ सुयश शर्मा।




अब आपको बताते है कि 'बीसीआर अवार्ड' क्या है ? जी हाँ, बीसीआर अवार्ड, ''बॉलीवुड सिने रिपोर्टर'' समाचार पत्र से प्रेरित है यानि 'बॉलीवुड सिने रिपोर्टर' समाचार पत्र का सूक्ष्म रूप 'बीसीआर', यह एक फिल्म ट्रेड समाचार पत्र है, देश दुनिया को बॉलीवुड से जोड़ने के साथ-साथ देश-दुनिया के उपलब्धि और ख्याति प्राप्त अतिविशिष्ट व सम्मानित व्यक्तियों को अवार्ड देकर भारत का नाम रोशन करने का प्रयास कर रहा है जिसमे भारत की समस्त मीडिया का समर्थन बीसीआर को मिल रहा है, हमें इस बात कि बहुत ही खुशी है कि भारत का मीडिया संगठित होकर हमारे साथ कंधे से कन्धा मिलाकर 'बीसीआर अवार्ड' को सफल बनाने का पूरा प्रयास कर रहा है।

'बीसीआर अवार्ड' एक सामाजिक अवार्ड है जिसमे देश-विदेश के उपलब्धि और ख्याति प्राप्त अतिविशिष्ट व समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है यह अवार्ड पाने के लिए आपको एक पूरी प्रक्रिया से गुजरना होता है आपको अपना प्रोफाइल हमें मेल करना होता है जिसको हमारे जूरी मेंबर्स चेक करते है कि आपने समाजहित और देशहित में कुछ किया है या नहीं, उसी के आधार पर आपका चयन किया जाता है, अगर आपका प्रोफाइल इस लायक है कि आपको अवार्ड से सम्मानित किया जाए तो आपको ससम्मान ''बीसीआर अवार्ड'' से सम्मानित किया जायेगा। आपको बता दें कि अजय शास्त्री 'बीसीआर न्यूज' यानि 'बॉलीवुड सिने रिपोर्टर' (समाचार पत्र) के संपादक व प्रकाशक हैं, शास्त्री जी इसके अलावा फिल्म निमार्ता/निर्देशक व फिल्म एसोसिएशन 'नार्थ इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डेवलपमेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष व संस्थापक भी है, शास्त्री जी फिल्मी दुनिया में लगभग 28-29 सालों से कार्यरत है और बॉलीवुड में एक खास मुकाम बनाये हुए है. शास्त्री जी का एक खास सपना ये भी है कि हमारे उत्तर भारत के प्रत्येक राज्य में भी फिल्म इंडस्ट्री की स्थापना हो जिससे हम अपने प्रत्येक राज्य में फिल्मों का निर्माण अपने ही क्षेत्र में कर सके, जिसका सीधा फायदा हमें और हमारे प्रदेश की सरकार को होगा। कार्यक्रम में मीडिया बंधुओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

# मुजफ्फरपुर में लगे जननायक जी का आदम कद प्रतिमा-- राजकुमार

**मुजफ्फरपुर,** दिनांक 31 जनवरी 2023 को मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड स्थित नरौली चौक



पर बिहार के धरोहर पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपुर्री ठाकुर जी का पखवारा जयंती समारोह का आयोजन जिला नाई विकास संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक अमर पासवान ,संगठन के वरिष्ठ नेता राजकुमार ठाकुर नंदवंशी, युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता, दीपक ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सभा को संबोधित करते हुए राजकुमार ठाकुर नंदवंशी ने मुजफ्फरपुर शहर में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का आदम कद प्रतिमा लगाने की मांग की, वही दीपक ठाकुर ने केंद्र सरकार से जननायक कपुर्री ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग किया। स्थानीय विधायक ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को गरीबों का मसीहा बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल ठाकुर एवं संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष शेखर ठाकुर ने किया । मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता विश्वनाथ ठाकुर, वरिष्ठ नेता पूर्व मुखिया गोरख ठाकुर, वरिष्ठ नेता राम कुमार ठाकुर ,वरिष्ठ नेता रामाधार ठाकुर ,युवा नेता राजू ठाकुर, मीडिया प्रभारी अंशु ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, अशोक ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश ठाकुर ,लोहार कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

महाराष्ट्र शासन

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, सा. बां. विभाग,

राज्य कामगार विमा योजना रूग्णालय आवार, लालबहादुर शास्त्री मार्ग, मुलुंड (प), मुंबई-४०००८०

ई-मेल पत्ता :- elnorthmumbai.ee@mahapwd.gov.in दुरध्वनी क्रमांक :-०२२-२५६०१३२७

निविदा सुचना क्र.१९/२०२२-२३

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलूंड, मुंबई हे महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत विद्युत ठेकेदार (लिफाफा क्र.१ अनुसार) यांचेकडून खालील कामाकरिता ब-१ टक्केवारी नमुन्यातील निविदा, नविदा प्रणालीद्वारे निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर **www.mahapwd.gov.in** येथून डाऊनलोड करण्यांत यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलुंड, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| कामाचे नांव : | निविदा रक्कम रूपये : |
|---|---|
| 1) Est.No.ATL//BESD/B2/473/2022-23.Providing 3 yearly semi Comprehensive Maintenance to Fire Alarm System at Administrative Bldg., Bandra East Mumbai (2nd Call). | रूपये ४३३०९२/- |
| 2)Est No.ATL//BESD/B2/474/2022-23.Providing 3 yearly semi Comprehensive Maintenance to Fire Fighting System at Admin Bldg., Bandra East Mumbai (2nd Call). | रूपये ६९६५१६/- |
| 3) Est No. OW/BESD/ BCN / 446 /2022-23 ,Providing Eleectrical Installations for proposed New Air Conditioning Unit in Court Hall No 1 to 5 and 9 to 11 Labour Court at Ground Floors, Administrative building,bandra East,mumbai-400051.(Subwork - 2 ) (2nd Call). | रूपये ३१३०१०/- |
| 4). Est No. OW/NMED/MESD/M1/Lift ITI/843/2022-23.Providing repairs 2 Nos Electrical passenger Lifts Victora Make.13 Passengers Due to water leakage in C.O.E. I.T.I. Bldg. G+4. in I.T.I. Compound at Mulund East. Mumbai 81 (2nd Call). | रूपये ७०८८२०/- |

निविदा विक्रीचा कालावधी : दि.०६.०२.२०२३ ते दि.१४.०२.२०२३ रोजी दुपारी १४.०० वा पर्यत.

निविदा स्विकृतीचा कालावधी : दि.०६.०२.२०२३ ते दि.१७.०२.२०२३ रोजी दुपारी १४.०० वा.पर्यत.

निविदा उघडण्याचा दिनांक व वेळ : दि.१७.०२.२०२३ रोजी दुपारी १४.०० नंतर.

१.वरील अंदाजित रक्कमेत जी.एस..टी. सामाविष्ट नसून ठेकेदाराने निविदेत दर भरताना जी.एस..टी.वगळून दर नमूद करावा.अंदाजित रक्कमेवर नमूद केलेल्या दरानुसार आलेल्या रक्कमेवर जी.एस..टी.१८% पर्यंत वेगळा अदा करण्यात येईल.

२.**www.mahapwd.gov.in** या शासकीय संकेतस्थळावरील **Pay PWD Online** या शासकीय संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

३. कामाच्या करारनाम्यात पोस्ट क्वॉलिफीकेशनचा क्रायटेरिया समाविष्ट केलेला आहे.

४. कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलूंड (प), मुंबई कार्यालयातील सूचना फलक.

जा.क्र.काअ/उमुंविवि/निविदा/ 349 /२०२३ दिनांक : २७.०१.२०२३

Executive Engineer
North Mumbai Electrical Division,
P.W.D. Mumbai (W), Mumbai-80.

sd/-
कार्यकारी अभियंता,
उत्तर मुंबई विद्युत विभाग,
सा.बां.विभाग, मुलूंड, मुंबई.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C५६८१



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# अतिवादी तत्वों की सक्रियता

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से बिहार के मोतिहारी से प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट आफ इंडिया यानी पीएफआइ के सदस्यों की गिरफ्तारी यही बताती है कि इस संगठन के लोग चैन से नहीं बैठे हैं और पाबंदी का उन पर वैसा असर नहीं पड़ा, जैसा अपेक्षित था। प्रतिबंध के बाद भी पीएफआइ सदस्यों की अतिवादी गतिविधियां देश के किसी एक हिस्से तक सीमित नहीं हैं, इसका पता मध्य प्रदेश के श्योपुर से इस संगठन के फरार चल रहे एक पदाधिकारी की गिरफ्तारी से चलता है। इसके कुछ दिन पहले पीएफआइ से जुड़ी एक युवती को इंदौर में गिरफ्तार किया गया था। सच तो यह है कि पीएफआइ पर प्रतिबंध लगने के बाद से उसके सदस्यों की गिरफ्तारी का सिलसिला कायम है।

देश के विभिन्न हिस्सों से उनकी गिरफ्तारी यही बताती है कि वे दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक में सक्रिय हैं। स्पष्ट है कि इस प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों के खिलाफ और सख्ती की आवश्यकता है। उन तक यह संदेश जाना ही चाहिए कि वे गुपचुप रूप से सक्रिय नहीं रह सकते। चूंकि इसकी आशंका है कि प्रतिबंध के बाद पीएफआइ सदस्य किसी अन्य संगठन के जरिये सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए उनकी कड़ी निगरानी आवश्यक है। इसमें सफलता तब मिलेगी, जब राज्य सरकारें पीएफआइ से जुड़े रहे लोगों की गतिविधियों की गहन छानबीन करेंगी। केंद्रीय एजेंसियों के साथ राज्य सरकारों और उनकी पुलिस को पीएफआइ को लेकर इसलिए सतर्क रहना होगा, क्योंकि वह केवल आतंकी समूहों से मिलकर विध्वंसक गतिविधियों को ही अंजाम नहीं दे रहा था, बल्कि देश को इस्लामी राष्ट्र बनाने का षड्यंत्र भी रच रहा था। यह षड्यंत्र रचने वाले पीएफआइ सदस्य भी बिहार से गिरफ्तार किए गए थे। पीएफआइ पर पाबंदी लगाए जाने के बाद से अब तक उसके करीब चार सौ सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस संगठन ने अपना जाल पूरे देश में फैला रखा था और कई सहयोगी संगठन भी बना रखे थे। इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता कि पीएफआइ और उसके सहयोगी संगठनों के सदस्य प्रतिबंध लगने के बाद चुपचाप बैठ गए होंगे।

अंदेशा यही है कि वे अन्य अतिवादी संगठनों से जाकर मिल गए होंगे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में पीएफआइ सरीखे अन्य अतिवादी संगठन भी हैं। उनकी साठगांठ दूसरे देशों के अतिवादी और आतंकी संगठनों से है। इनमें से कुछ संगठन बांग्लादेश आधारित हैं। उनके गुर्गे बंगाल के रास्ते भारत में घुसपैठ भी करते रहते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि बांग्लादेशियों की घुसपैठ का असर असम और बंगाल के साथ बिहार एवं झारखंड में भी दिखने लगा है। इन राज्यों को इसलिए अतिरिक्त सजगता दिखानी होगी, क्योंकि बांग्लादेश से आतंकी तत्व भी घुसपैठ कर रहे हैं और पीएफआइ सरीखे प्रतिबंधित संगठनों के सदस्यों से मिलकर तरह-तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं।

# पहल परिवार ने प्रयागराज में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मूर्ति का स्थापना कर राजनीति को दिया एक नया मोड - डॉ. सुरेश सेन

**प्रयागराज,** कर्पूरी जयंती के शुभ अवसर पर नयापुरा बिगहनी ब्लॉक उरुवा तहसील मेजा प्रयागराज की धरती पर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की मूर्ति का अनावरण मेजा के विधायक श्री संदीप पटेल जी एवं संजय विद्यार्थी विधायक प्रत्याशी गोंडा एवं गौरव नंद जी विधायक प्रत्याशी मैनपुरी के द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ ।।जिसमें लल्लू राम शर्मा एवं श्री केवला प्रसाद शर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त रहा कार्यक्रम के अध्यक्षता आदरणीय बाबूजी रतन लाल जी द्वारा हुआ।पहल परिवार के संस्थापक डॉ सुरेश सेन ने समाज की एकजुटता पर विशेष बल दिया और अपने बड़े बुजुर्गों व मुखिया का सम्मान करने पर विशेष बल दिया।राजेश शर्मा एवम मुनेश शर्मा द्वारा मंच का सफल संचालन हुआ।।समाज के बुजुर्गों द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के विषय पर चर्चा की।।।मूर्ति के अनावरण के मौके पर आदरणीय विधायक जी ने कहा कि जननायक सिर्फ आपके ही बाप नही है बल्कि वो हमारे भी बाप है क्योंकि वह पिछडो दलितों के रहनुमा थे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी।। कार्यक्रम में समाज के समस्त सामाजिक संगठनों के मुखिया एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे एवं इस पावन स्थल एवं इस पावन पर्व का हिस्सा बने।। लोगों का ताता एवं भव्य भीड़ की उपस्थिति में मूर्ति का अनावरण हुआ पहल परिवार के संस्थापक









डॉ सुरेश सेन ने आए हुए समाज के सभी आदरणीयो का धन्यवाद किया और युवाओं से अपने मुखिया या बुजुर्गों का दिल से सम्मान करने पर जोर दिया कमलेश शर्मा ने समाज की एकता पर जोड़ देते हुए बहुत ही अच्छे ढंग से समाज को एक करने गए के लिए अपने सुझाव दिए वही सागर शर्मा , नीरज शर्मा ,संजय शर्मा ,रोहित शर्मा ,टिंकू शर्मा ,,अनुज शर्मा, मुनेश शर्मा, मुकेश शर्मा ,सनी शर्मा, तारकेश्वर शर्मा इत्यादि युवाओं ने भीड़ पर पूरा ध्यान रखने का कार्य किया संजय शर्मा द्वारा संगीत के माध्यम द्वारा सभी के लिए स्वागत गीत एवं समाज के एकीकरण को लेकर बहुत ही प्यारे प्यारे गीतों को प्रस्तुतीकरण हुआ ।। पहल परिवार उरुआ टीम के युवाओं ने अपने मुखियाओं का हमेशा सम्मान की बात कही । वहीं बुजुर्गों ने भी प्रत्येक कार्यक्रम में अपने आशीर्वाद देने की बात करते हुए भीड़ के साथ कार्यक्रम को करने के लिए कहा है मेजा क्षेत्र के विधायक जी ने समाज को एक और धरोहर जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृतिद्वार को बिगहनी चौराहे पर बनवाने के लिए कहा।और इसे अति शीघ्र बनवाने को कहा।। समाज के बहुत सारे लोगों ने जननायक की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपने जननायक से आशीर्वाद लिया और एकता पर कार्य करने का संकल्प लिया आदरणीय गौरव नंद जी ने युवाओं के भविष्य पर विशेष वक्त भी रखें नहीं संजय विद्यार्थी जी ने समाज को एक करने की अपील की और राजनीति में प्रवेश करने को कहा वहीं विधायक जी ने पहल परिवार के सुख-दुख को अपना सुखदुख बताते हुए संघर्ष करने व महापुरुषों को याद करने व मूर्ति लगवाने के लिए समाज का धन्यवाद दिया एवं साथ खड़े रहने को कहा अंत में आदरणीय श्री रतन लाल जी ने धन्यवाद ज्ञापन कर इस भव्य कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा की और अपने वक्तव्य में उन्होंने अपने रहते हुए अपने सपने को साकार होते जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की मूर्ति को देखने के लिए युवाओं की जमकर तारीफ की।।।

# आंध्र तेलंगाना के विश्वकर्मा कारीगर बंधुओं द्वारा 'राष्ट्रीय कारीगर संगोष्ठी' कार्यक्रम, राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा को दिया हाथों से बना 'G20' का फोटो फ्रेम

**अजय शास्त्री।**

**नई दिल्ली:** आंध्र तेलंगाना के विश्वकर्मा कारीगर बंधुओं नेआज दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'राष्ट्रीय कारीगर संगोष्ठी' कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में माननीय राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय पारंपरिक कारीगर सेल संयोजक विश्वनाथम, आंध्र प्रदेश भाजपा कारीगर राज्य संयोजक, कोंडामुरी बंगारू बाबू, दारी शिल्पी आदिमूलम ईश्वर चारी, गोकवरापु श्रीनिवास, स्वर्ण शिल्पी नागभूषणाचारी लक्कोजु पवन कुमार ने राष्ट्रीय पारंपरिक कारीगर सेल संयोजक ने लकड़ी का हाथों से बना हुआ 'G20' का फोटो फ्रेम कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्यसभा सदस्य राम चंद्र जांगड़ा जी को 'सप्रेम भेंट' किया गया।

माननीय राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने केंद्र सरकार के बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अन्नोउंस अग्रणी वास्तुकार ईश्वर चारी स्कीम कर्म कौशल विकास योजना शुरू करने के बारे में जानकारी दी। अपने कुशल अनुभव से एक सूत्र बध्द तरीके से दिनेश वत्स ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस मौके पर फिल्म निमार्ता, निर्देशक व बीसीआर के संपादक अजय शास्त्री, समाज सेवक व वरिष्ठ पत्रकार सतबीर पांचाल आदि के साथ अनेकों लोग उपस्थित रहे।

इसलिए कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद दिया।

## शोक संदेश



हमारे पूज्य पिता जी श्री राजबली सिंह जी का आकस्मिक निधन दिनांक 31.01.2023 को रात्रि 11.00 बजे पैत्रिक निवास स्थान पर हो गया है। उनका अन्तिम दाह संस्कार कर्म वाराणसी में मणिकणिका घाट पर दोपहर 3.00 बजे होगा।

उमेश प्रताप सिंह
(सन्तोष सिंह)
रविंद्र कुमार सिंह
(गोरई सिंह)
ग्राम -शेरपुर,
पोस्ट- दुगागंज,
जिला -भदोही उत्तर प्रदेश

# नवी मुंबई में डंपिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के तुर्भे के डंपिंग ग्राउंड में कल शाम आग लगी थी। अभी भी डंपिंग ग्राउंड से धुआं और आग की लपटें उठती दिख रही है। तुर्भे पुलिस थाने के ढरकअनिल चव्हाण ने बताया, ''आग कल शाम 7.30 बजे लगी है।

मौके पर 7 दमकल की गाड़ियां हैं और अभी आग काबू में है पूरी तरह काबू पाने में अभी भी कुछ घंटे लग सकते हैं। इस आग में कोई हानि नहीं हुई है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चला है।

# जन्म दिन की बधाई!



महाराष्ट्र प्रदेश के कर्तव्यदक्ष सबके चहते हमेशा समाज सेवा में आगे रहने वाले इनके कारण पुरे महाराष्ट्र प्रदेश में जोरशोर से नारायणी सेना का विस्तार हो रहा है ऐसे मेरे मार्गदर्शक आदरणीय / पुज्यनीय प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान अशोकजी पवार साहब आप को जन्मदिन पर प्रणाम और ढेरसारी बधाईया युही आपका समाज को मार्गदर्शन ओर सेवा मिलती रहे ओर सेना रात चोगनी और दिनदुगनी बढती रहे यही मॉ नारायणी और श्री सेनजी महाराज के चरणो में प्रार्थना करता हू

शुभेच्छुक:- प्रशांत दिनोदे,अकोला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र प्रदेश तथा समस्त पदाधिकारी गण **कदम कदम पर** परिवार की तरफ से नववर्ष हार्दिक शुभेच्छा!



महाराष्ट्र ठाणे में स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में आज ग्लोबल कैंसर कार्डिफ एंड ओष्टमी केयर फाउंडेशन की शुरूआत हुई। ग्लोबल केयर फाउंडेशन भारत देश से आने वाले सभी कैंसर मरीजों को उचित परामर्श और अच्छे डॉक्टरों की देखरेख में इलाज कराने का परामर्श करता है साथ ही साथ कम बजट में उन्हें रहने का प्रबंध करा कर देता है तथा ओष्टमी मरीजों को विकलांगता की श्रेणी में लाने के लिए वचनबद्ध है उसके ऊपर पिछले 3 सालों से काम हो रहा है आशा है कि कुछ ही महीने में इस विषय पर हम लोगों को सफलता मिल जाएगी संस्था के सलाहकार डॉ सुशील कुमार इंदौरिया , समाज सेवक के पी मिश्रा, और पतंजलि मिश्रा ,अनिरुद्ध तिवारी मौजूद थे संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल यादव, सचिव राजेंद्र गुप्ता, खजिंदर चंद्र देव गुप्ता ,तथा संस्था के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद यादव ,सपोर्ट ग्रुप से ओमप्रकाश विश्वकर्मा, तथा कुर्ला से आए मुबारक भाई आदि लोगों ने भाग लेकर इस प्रोग्राम को सफल बनाया

# कृषि प्राकृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला कोहिनूर आवार्ड

**सीखड़** ,विकास खण्ड अर्न्तगत सीखड़ ग्राम पंचायत में स्थित नवचेतना एफपीओ के डायरेक्टर मुकेश कुमार पाण्डेय (सौरभ) को अंतराष्ट्रीय अम्बेडकर सेंटर दिल्ली में, कबीर



कोहिनूर अवार्ड कार्यक्रम में प्राकृतिक कृषि को करने और बढ़ावा देने के लिए, आवार्ड मिला यह आवार्ड हर वर्ष सामाजिक और ग्रामीण विकाश के हित मे किये जाने वाले कार्यो के लिए दिया जाता है, ज्ञात हो कि नवचेतना कृषक उत्पादक संगठन के डायरेक्टर मुकेश पांडेय सौरभ, समाजिक और कृषि विकाश की मुहिम लगातार संगठन बनाकर कर रहे है, इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र की जनता और कृषक भाई में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी और क्षेत्र के लोगों द्वारा उन्हें दुरभाष आदि के माध्यम से बधाई देने लगे कृषि प्राकृतिक क्षेत्र में अच्छे कार्य करने पर पिछले वर्ष मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के द्वारा पुरस्कृत किया गया था।

# पहल परिवार एक सामाजिक संगठन है जिसका उद्देश्य सिर्फ समाज के चहुँमुखी विकाश करना है – डॉ. सुरेश सेन

**मुंबईः** पहल परिवार अपने सभी साथियों का दिल से धन्यवाद करना चाहता है, जिन्होंने अपने संघर्ष से जननायक कर्पूरी जी की मूर्ति स्थापना मेजा तहसील के उरुआ ब्लाक में नयापुरा बिगहनी में 28 जनवरी 2023 को करवाया साथ ही साथ उन सभी महानुभावों का भी सादर सम्मान व आभार प्रकट करना चाहता है जिन्होंने अपना अमूल्य समय एवं आशीर्वाद इस कार्यक्रम को दिया जैसा कि सभी को जानकारी हैं परंतु फिर भी पहल परिवार सभी से कहना चाहता है कि यह कोई संगठन नहीं है.

बल्कि सोच है जो संगठित होकर बड़े से बड़ा कार्यक्रम कर राजनीति की ओर कदम बढ़ाना चाहता है ।।पहल परिवार एक ऐसा परिवार है जहां पर यदि कोई भी जो इस परिवार का सदस्य बनना चाहता है उसकी सबसे बड़ी योग्यता यह है कि वह अपने बुजुर्गों का सम्मान करें यही योग्यता धारण करने वाला व्यक्ति



पहल परिवार का अंग है जो भी व्यक्ति इस योग्यता को पूरा नहीं करता है वह पहल परिवार का सदस्य नहीं हो सकता।

मुखिया सम्मान योजना पहल परिवार का मुख्य कार्य है उसकी पहचान है बिना अपने बुजुर्गों के आशीर्वाद के एक कदम भी कोई चल नहीं सकता ।।समाज की एकता के लिए प्रतिबद्ध पहल परिवार सर्वप्रथम मुखिया सम्मान योजना अपने इतिहास को जीवित रखने व आगे बढ़ाने के लिए मूर्ति स्थापना एवं अन्य स्मारकों के लिए प्रयास करना जिससे समाज के अगुआ कारो को सम्मान मिल सके ,समाज को सम्मान मिल सके।

सभी युवा शक्ति से अनुरोध है कि अधिक से अधिक अपने समाज के साथियों को ग्रुप से जोड़ें वह सभी ब्लॉक ,तहसील स्तर पर व जनपद स्तर पर महापुरुषों की जयंती व स्मारक स्थल बनवाने के साथ-साथ एकता पर कार्य करें, क्योंकि बिना एक हुए राजनीतिक दरवाजे अपने समाज के लिए नहीं खुलेंगे अतः आइए अपनों को याद करते हुए एक होने का संकल्प लें।। पहल परिवार पूरे देश में समाज के सभी लोगों से अ

# मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का किया गया आयोजन



**सीखड़,** माह के प्रथम रविवार 5फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द सीखड (मगरहा) में मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का आयोजन प्रभारीचिकित्साधिकारी डाक्टर निलेश कुमार कुशवाहा के देख रेख में बाल बिकास परियोजनाधिकारी कुसुमलता राय के आदेशो का परिपालन आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, लालमनि देवी, सरिता पांडेय, माया देवी तपेसरा देवी द्वारा हरे सांग सब्जियो मौसमी फलो , सहित पोषक तत्वों से भरपूर सामग्रियों का स्टाल लगायी तथा मेले मे आए लाभाथीयो को सेवन करने तथा उसके फायदे के बारे मे जानकारी देती हुई बच्चों व गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ परिक्षण करायी तथा लाभार्थियों को खान पान साफ सफाई परिवार नियोजन की जानकारी दी। कार्यक्रम में डाक्टर दिपाली आई डाक्टर अजीत सिंह राजकुमार अस्पताल के स्टाप एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



**नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं महाराष्ट्र अध्यक्ष द्वारा सभा आयोजित किया गया, जिसमें हमने महाराष्ट्र और मुंबई की समस्याओं पर चर्चा की है। नैतिक पार्टी के सभी साथी मिलकर के समस्याओं पर कार्य करेंगे।**

# भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्योत्सव मनाया गया

**संवाददाता द्वारा**

**मुंबई।** विश्वकर्मा समिति मुंबई के



तत्वाधान में भगवान विश्वकर्मा प्राकट्य दिवस माघ शुक्ल त्रयोदशी दिन गुरुवार को सांताक्रुज कालीना स्थित विश्वकर्मा समिति हाल में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर अतिथि संस्था के पूर्व चेयरमैन अधिवक्ता टी. एस. विश्वकर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं का मूल उद्देश्य समाज हित होना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को आर्थिक सहायता के रूप में दान देकर विकास कार्यों में सहभागिता की जा सकती है मगर दान स्वरूप दी गई निधि के बदले संस्था को अंगीकार कर लेना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को हर क्षेत्र में सक्षम बनाने के लिए हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।

इस अवसर विश्वकर्मा वंशज विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अखंड विश्वकर्मा ब्राह्मण महासभा के संस्थापक अध्यक्ष पं. संतोष आचार्य ने कहा कि विश्वकर्मा समाज में इंजीनियरिंग की विधा जन्म से ही भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से मिली है जिसमें कर्म की प्रधानता है। पांच प्रकार के शिल्पकर्मी लौहकार, काष्ठकार,ताम्रकार,मूर्तिकार व स्वर्णकार में निपुण ब्राह्मणों को पंचशिल्पी ब्राह्मण कहा जाता है। इन्हीं पांचाल ब्राह्मणों को संपूर्ण भारतवर्ष में विराट संदर्भ विश्वकर्मा वैदिक ब्राह्मण कहा जाता है।

इस अवसर पर संस्था के पूर्व महामंत्री मोतीलाल विश्वकर्मा, मनपा के वरिष्ठ निरीक्षक अजय विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, लल्लूराम विश्वकर्मा, मेवालाल विश्वकर्मा ने सामाजिक एकता पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम विश्वकर्मा ने किया।

Murtijalur महाराष्ट्र निवासी, सेन समाज के कार्य में सदैव अग्रसर, हासत मुख, सभिके चहते, आदर्श परिवार zadodiya परिवार के, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना महिला संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक सौ चंदा ताई को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन।।


आप हरपल yesehi हासत मुख, निरोगी, समृद्ध, सुखी रहे, सेन समाज के कार्य मी, संगठन के कार्य में सदैव अग्रसर रहें यहीं सेन, मा नारायणी चरण में प्रार्थना।।
अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना, सभी मान्यवर पदाधिकारी।।
पवार परिवार खंडाला वैजापूर।।
राजस्थान सेन समाज मारू ट्रस्ट मंडल नाशिक।।
सेन युवक मंडल नाशिक औरंगाबाद, नगर पुणे।।

# संजय निरुपम द्वारा मुलुंड के विद्यार्थियों को लांग बुक वितरण

**मुंबई-** मिथिला विचार मंच, मुलुंड द्वारा पीएमजीपी कालोनी, म्हाडा एवम नानेपाडा, मुलुंड पूर्व में विद्यार्थियों कोलांग बुक वितरण का कार्यक्रम संजय निरुपम (पूर्व सांसद, पूर्व अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस) के शुभ हस्तों किया गया। आयोजन मिथिला विचार मंच के अध्यक्ष संजय झा एवम राजेश इंगले द्वारा किया गया। इस अवसर पर अब्राहम राय मणि(अध्यक्ष ई.मु.जिला कांग्रेस), वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.आर. आर.सिंह, किशोर मुंडेकल (सचिव मुंबई कांग्रेस), मधुकर म्हात्रे, भरत सोनी, रईस खान, डॉ.सचिन सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, समीर, भगवान किशोर तिवारी, शरीफ खान, श्रीकांत सालुंके, राजकुमार गुप्ता, मनोज संसारे, अनिल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्री कृष्ण कांबले एवम संजय घरत द्वारा किया गया।



# युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाएं - संध्या चंद्रसेन

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़:** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी जरहाभाठा में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की सचिव संध्या चंद्रसेन ने कहा कि नशा नाश का कारण है और नई पीढ़ी इसकी चपेट में आकर अपना जीवन व्यर्थ बर्बाद कर रही है। उन्हें भटकने से रोकना होगा। संध्या ने कहा कि जब तक सरकारी तौर पर सख्ती नहीं बरती जाएगी और हम इसे गंभीरता से नहीं लेंगे,हमारे सारे प्रयास बकवास साबित होंगे। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने सरकार ने तमाम प्रतिबंध और कानून बनाए हैं लेकिन इसका पालन सफलतापूर्वक नहीं हो पा रहा है। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की टीचिंग इंचार्ज मनीषा सैमुएल ने कहा कि आज देश की सत्तर प्रतिशत आबादी किसी ना किसी नशे की शिकार है। इसका प्रमुख कारण नई पीढ़ी का भटकाव है जिसे हमें ही रोकना होगा। इसके लिए सरकार को सख्ती से सोचकर कार्रवाई करनी चाहिये। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष मिंटू अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल, स्नेह, लक्ष्मी तथा संस्था के बच्चे उपस्थित रहे।





नेहरू नगर एसआरए ने दिनांक 28/01/2023 को शनिवार को श्री सत्यनारायण का पूजन किया। कथावाचक मनोज दीक्षित (सचिव) मोबाइल 8779775524

# बजट से आधी आबादी को पहुंचेगा फायदा- अरुणिमा

**बिलासपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सप्त ऋषि आम बजट पर आश्रय निष्ठा वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापिका अरुणिमा मिश्रा ने कहा कि इसमें महिला सम्मान के प्रस्ताव, आधी आबादी के लिए लाभकारी हैं।

महिला सम्मान बचत पत्र योजना और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयकर की सीमा 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख किए जाने से समाज के इन कमजोर वर्ग के लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी और फायदा पहुंचेगा।



सात बिंदुओं पर आधारित इस आम बजट को यदि सच में जमीनी हकीकत के साथ अमल किया गया तो लोगों को आने वाले समय में सहुलियत बढ़ेगी लेकिन उसके लिए केंद्र सरकार को ईमानदार कोशिश करनी होगी।




# रंगदारी की धमकी, सैलून व्यवसायी ने की आत्महत्या

## सैलून ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन इस अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी

**ठाणे,** ठाणे के लोकमान्य नगर प्रखंड के सैलून व्यवसायी श्री. मनीष शर्मा को बार-बार रंगदारी की धमकी दी जा रही थी.. इसी परेशानी से तंग आकर मनीष ने 31 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली..

मनीष शर्मा सैलून के दुकानदार थे.. सैलून ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन इस अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. संघ इस घटना की निंदा करता है.. और कोशिश करेगा कि मनीष शर्मा को धमकी देने वालो को ज्यादा से ज्यादा सजा मिले..




सोमवार 6 फरवरी को सुबह 11 बजे ठाणे एवं मुंबई के सभी सैलून व्यवसायी एकत्रित होकर ठाणे कोर्ट नाका समाहरणालय के समीप सरकारी विश्राम गृह के समीप इस घटना का विरोध किया. साथ ही एसोसिएशन के माध्यम से ठाणे पुलिस आयुक्त और ठाणे कलेक्टर को बयान दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री श्री. एकनाथ शिंदे से मुलाकात के बाद दिवंगत मनीष शर्मा के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता की मांग की गई।

इस बार पूरी मुंबई तथा बड़ी संख्या में ठाणे सैलून प्रोफेशनल्स उपस्थित थे सैलून ब्यूटी पार्लर के संस्थापक अध्यक्ष श्री. दत्तात्रेय चव्हाण, अध्यक्ष श्री. दीपक यादव, महाराष्ट्र प्रभारी श्री. उदय सेंट, मुंबई अध्यक्ष श्री. तुषार चव्हाण महासचिव किशनराव कोरलाई, कार्यकारी अध्यक्ष नीलेश रणदिवे, कोषाध्यक्ष सतीश पवार संपर्क प्रमुख प्रसाद चव्हाण सचिव सचिन प्रतिशत मुंबई उपाध्यक्ष संदीप बदिरके, अनिल पवार, अनंतलाल शर्मा, बी. पी. शर्मा, विनय दीप शर्मा, और ठाणे जिला अध्यक्ष रमेश चव्हाण, सचिव मंदार राउत, संदीप जाधव, ठाणे पूरी समिति सभी पदाधिकारी कोर संगठन, साथ ही राष्ट्रीय परमाणु संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री. अरुण जाधव, महासचिव महेंद्र जाधव, जिलाध्यक्ष भरत राउत, भीकाजी सकपाल, संपर्क प्रमुख लव शिंदे, महासचिव तुषार भोईर, पालघर जिलाध्यक्ष मनोज जाधव सहित उनके कार्यकर्ता मौजूद थे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com